ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 07 अप्रैल 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 19

पेट्रोलियम कंपनियों के घाटे से बढ़े गैस सिलेंडर के दाम

50 रुपए महंगा, उज्ज्वला के लाभार्थियों को भी झटका; कल से लागू



घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपए महंगा हो गया है। आज यानी, सोमवार 7 अप्रैल को पेट्रोल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी जानकारी दी। अभी दिल्ली में गैस सिलेंडर 803 रुपए में मिलता है। दाम बढ़ने के बाद कीमत 853 रुपए हो जाएगी। वहीं उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के गैस सिलेंडर की कीमत 500 से बढ़कर 550 रुपए हो जाएगी।

आखिरी बार सरकार ने 8 मार्च 2024 को महिला दिवस पर सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की कटौती थी। तब दिल्ली में सिलेंडर 903 रुपए का था। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने दाम क्यों बढ़ाए?

पेट्रोलियम मंत्री ने कहा- ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को लागत से कम कीमत पर सिलेंडर बेचने के कारण लगभग 41,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इस घाटे को कम करने के लिए कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया गया।

1 अप्रैल को कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 44.50 घटाए थे

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1 अप्रैल को 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 44.50 तक घटाए थे। दिल्ली में इसकी कीमत 41 घटकर 1762 हो गईं। पहले ये 1803 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 44.50 घटकर 1868.50 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1913 थे।

मुंबई में सिलेंडर 1755.50 से 42 घटकर 1713.50 रुपए हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1921.50 का मिल रहा है। हालांकि, 14.2 KG वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है।

कैसे तय होती है गैस सिलेंडर की कीमत

तेल कंपनियां हर महीने पिछले महीने के अंतरराष्ट्रीय मूल्यों, एक्सचेंज रेट और अन्य लागतों के आधार पर LPG की बेस प्राइस तय करती हैं। इसके बाद टैक्स, ट्रांसपोर्ट, और डीलर कमीशन जोड़कर खुदरा मूल्य निकाला जाता है। सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए सरकार अंतर की भरपाई करती है, जबकि गैर-सब्सिडी वाले सिलेंडर की पूरी कीमत ग्राहक चुकाता है।

असम में पंचायत चुनाव से पहले कांग्रेस में कलह, प्रदेश अध्यक्ष को हटाने की मांग, गौरव गोगोई के समर्थक दिल्ली में जुटे



असम में पंचायत चुनाव में अब कुछ ही हफ्ते बचे हैं. इस बीच, कांग्रेस के भीतर अंदरूनी कलह सामने आई है. असम कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का एक वर्ग राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहा है और इसको लेकर नई दिल्ली में अभियान चलाया जा रहा है. धुबरी लोकसभा क्षेत्र से सांसद रकीबुल हुसैन, विधायक वाजिद अली चौधरी, आफताबुद्दीन मुल्ला, खलीलुर रहमान, रकीब खान, अब्दुल खांडेकर समेत राज्य के अन्य असंतुष्ट कांग्रेस नेता नेतृत्व परिवर्तन की मांग को लेकर नई दिल्ली में मौजूद हैं. असम कांग्रेस के सूत्रों ने सोमवार को ईटीवी भारत को बताया कि प्रदेश कांग्रेस समिति के कम से कम नौ वरिष्ठ नेता मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन बोरा को हटाने की मांग को लेकर नई दिल्ली में खुलेआम अभियान चला रहे हैं. सूत्रों के मुताबिक, असंतुष्ट नेता चाहते हैं कि लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता और जोरहाट क्षेत्र से मौजूदा सांसद गौरव गोगोई को असम कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया जाए. असम कांग्रेस के नेता वाजिद अली चौधरी ने ईटीवी भारत को बताया कि वो असम कांग्रेस में खाली पड़े कई पदों को भरने के लिए नई दिल्ली में अभियान चला रहे हैं. नेतृत्व में बदलाव की उनकी मांग के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा कि इसका निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व लेगा. चौधरी ने कहा, "असम कांग्रेस में कई पद खाली हैं. हम इस संबंध में राहुल गांधी सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से मिलना चाहते थे."

चौधरी के अनुसार असम कांग्रेस में उपनेता, सचिव सहित कई महत्वपूर्ण पद खाली हैं. उन्होंने कहा, "हमने मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मिलने की कोशिश की, लेकिन हमें उनसे समय नहीं मिला. हमने असम के कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र चौधरी को अपनी मांग सौंपी है." असम कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन के संबंध में चौधरी ने कहा, "हम आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे."

नया वक्फ कानून-SC याचिकाओं की अर्जेंट सुनवाई पर विचार करेगा:अब तक 12 याचिकाएं दाखिल, जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बिल की कॉपी फाड़ी गई



24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह नए वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देना वाली याचिकाओं को लिस्ट करने यानी सुनवाई पर फैसला करेंगे।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील कपिल सिब्बल ने अदालत से अर्जेंट हियरिंग की मांग की थी। इस पर CJI संजीव खन्ना ने कहा- आप वकीलों से कहें कि हमें मेल या पत्र भेजें। इस पर सिब्बल ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में अर्जेंट हियरिंग के लिए ओरल मेंशनिंग यानी जुबानी अपील की व्यवस्था खत्म हो चुकी है। सिबब्ल के बाद CJI संजीव खन्ना ने कहा- ठीक है, हम पत्र और मेल देखेंगे। इन पर फैसला लिया जाएगा। हम इन्हें लिस्ट करेंगे।

नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अलावा सुप्रीम कोर्ट में 11 याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने कहा कि हमारी राज्य इकाइयां भी हाईकोर्ट में कानून को चुनौती देंगी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के विधायक ने सदन में कानून की कॉपी फाड़ दी। एक NC विधायक ने अपनी जैकेट फाड़कर सदन में लहराई। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। NC समेत अन्य दलों ने वक्फ कानून के खिलाफ रेजोल्यूशन लाने की बात कही थी।

मणिपुर के थोउबल जिले में रविवार को भीड़ ने नए वक्फ कानून का समर्थन करने पर भाजपा बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष असगर अली मकाकमयुम के घर में तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

6 साल की मासूम के प्राइवेट-पार्ट को सिगरेट से दागा...मर्डर:कन्याभोज करने गई बच्ची से चाचा ने किया सेक्सुअल असॉल्ट; दुर्ग में कार में छिपाई लाश



24 न्यूज अपडेट

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में कन्या भोज के लिए गई 6 साल की बच्ची का मर्डर हुआ है। बच्ची पर सेक्सुअल असॉल्ट, प्राइवेट पार्ट को सिगरेट से दागने, इलेक्ट्रिक शॉक देने जैसी गंभीर बात भी सामने आई। मौत के बाद बच्ची की लाश को कार की डिक्की में छिपाया गया।

पुलिस ने, इस केस में बच्ची के चाचा को आरोपी बनाया है। ASP सुखनंदन राठौर का कहना है कि, 5 लोगों को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए पकड़ा गया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट समेत कई जांच में ये पाया गया कि, बच्ची के सगे चाचा ने ही वारदात को अंजाम दिया है। दरअसल, मोहन नगर थाने में 6 साल की बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। बताया गया कि, रविवार सुबह 9 बजे अपनी दादी के घर कन्या भोज के लिए गई थी। इसके बाद से वह घर नहीं लौटी। पुलिस भी तलाश में जुटी लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चला।

इस बीच, शाम 7.30 बजे सूचना मिली की बच्ची की लाश एक कार में मिली है। ये कार दादी के घर के बाहर ही खड़ी थी। परिजन मौके पर पहुंचे और लाश को डिक्की से बाहर निकाला। इस दौरान बच्ची खून से लहूलुहान मिली। बच्ची बहुत बुरी हालत में कार के अंदर सीट के नीचे पड़ी थी। उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान थे, चमड़ी उधड़ी हुई थी। परिजन बच्ची को लेकर दुर्ग जिला अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

वारदात के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। देर रात कार मालिक के घर और कार में तोड़फोड़ भी हुई। इधर पुलिस ने भी, कार मालिक, उसके ड्राइवर समेत 5 लोगों को संदेह आधार पर हिरासत में लिया। इनमें बच्ची का चाचा भी था।

इसके बाद, आगे की पूछताछ में संदिग्ध में 3 लोग बचे। पुलिस का कहना है कि, पूछताछ, टेक्निकल सबूत और आरोपी के कबूलनामा से ये पता चला का कि, आरोपी बच्ची का ही चाचा है। फिलहाल उसे रिमांड में लेकर और सवालों के जवाब ढूंढे जा रहे।

ASP के मुताबिक, आरोपी ने अपने घर में ही वारदात को अंजाम दिया है। बच्ची की दादी-बुआ पूजा के लिए गई हुई थी इसी बीच रेप-मर्डर की वारदात हुई है। इसके बाद मौका पाकर आरोपी चाचा ने बच्ची की लाश सामने कार में छिपा दी।

कार हमेशा वहीं खड़ी रहती थी। कार का एक दरवाजा लॉक नहीं होता था। ये बात आरोपी चाचा को पता थी। साथ ही गर्मी की वजह से बॉडी फफोले और कालापन आने की बात एक्सपर्ट कह रहे हैं।

राहुल गांधी के सामने कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े पूर्व विधायक ने पटककर मारा, 20 मिनट में राहुल गांधी ने खत्म की मीटिंग



बिहार प्रदेश कार्यालय में सोमवार को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई। पटना के सदाकत आश्रम में राहुल गांधी जिला अध्यक्षों और नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक कर रहे थे। उसी दौरान बाहर कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं के बीच तू-तू-मैं-मैं हो गई। इससे नाराज पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह बैठक के बीच से बाहर निकल गए। उनके पीछे उनका समर्थक रवि रंजन जा रहा था, तभी यूथ कांग्रेस से जुड़ा असद और पूर्व विधायक टुन्ना चोर-चोर के नारे लगाने लगे।

रवि रंजन ने जब विरोध किया तो उसको दौड़ा दिया। टुन्ना ने उसे पटक दिया और लात-घूंसे से पीटने लगे। बीच में अखिलेश सिंह ने बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया।

बाहर हंगामा होता देख राहुल गांधी ने अपनी बैठक को 20 मिनट में ही खत्म कर दिया और एयरपोर्ट के लिए निकल गए।

मारपीट के बाद कार्यकर्ता रवि रंजन ने आरोप लगाया, 'मैं भूमिहार हूं और वो राजपूत है, इसलिए मुझे मारा गया। पार्टी में साजिश की जा रही है। हमारे नेता के रहते गुंडागर्दी का विरोध करते रहेंगे।'

'ब्लैक मंडे' की भविष्यवाणी के बाद बिखरा भारतीय शेयर बाजार:अमेरिकी एक्सपर्ट बोले- 1987 जैसा होगा हाल, यूएस मार्केट में 20% गिरावट की चेतावनी



24 न्यूज अपडेट

फाइनेंशियल कॉमेंटेटर और CNBC के शो मैड मनी के होस्ट जिम क्रैमर की चेतावनी के बाद भारतीय बाजार 4% गिरकर कारोबार कर रहे हैं। क्रेमर ने दो दिन पहले कहा था कि अमेरिकी बाजार में 1987 जैसा 'ब्लैक मंडे' आ सकता है। क्रैमर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को इसकी वजह बताया है।

क्रैमर ने कहा- अगर ट्रम्प नियमों का पालन करने वाले देशों को राहत नहीं देते हैं, तो 1987 जैसे हालात बन सकते हैं। तब तीन दिन की गिरावट के बाद सोमवार को बाजार 22% गिर गया था। हमें यह जानने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सोमवार तक यह पता चल जाएगा।

आज भारतीय बाजार का इंडेक्स सेंसेक्स 3000 अंक (4%) गिरकर करीब 72,300 के स्तर पर है। निफ्टी में 900 अंक (4.50%) की गिरावट है। ये 22,000 से नीचे कारोबार कर रहा है।

एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 6%, कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 4.50%, चीन का शंघाई इंडेक्स 6.50% नीचे है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग 10% नीचे हैं।

NHAI ने वित्त वर्ष 2025 में 5,614 किमी हाईवे का किया निर्माण, 5,150 किमी के लक्ष्य को किया पार


24 न्यूज अपडेट

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने जानकारी दी है कि विभाग ने 31 मार्च को समाप्त हुए पिछले वित्तीय वर्ष में 5,614 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया. इसके साथ ही NHAI का दावा है कि उसने वित्त वर्ष 2025 में 5,150 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के अपने लक्ष्य को पार कर लिया है.

NHAI ने अपने आधिकारिक बयान में आगे कहा कि "राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग का पूंजीगत व्यय 2,40,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य व्यय के मुकाबले 2,50,000 करोड़ रुपये से अधिक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया यह NHAI द्वारा किसी वित्तीय वर्ष में अब तक का सबसे अधिक पूंजीगत व्यय था, जिसमें सरकारी बजटीय सहायता और NHAI के अपने संसाधन दोनों शामिल थे."

NHAI ने अपने आधिकारिक बयान में यह भी कहा है कि "पिछले वित्तीय वर्ष में कुल पूंजीगत व्यय में लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह 2,07,000 करोड़ रुपये था, और वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह 1,73,000 करोड़ रुपये था, जबकि इसमें लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है."

सेंसेक्स 73,137 पर बंद, निवेशकों के 15 लाख करोड़ डूबे:स्मॉलकैप में 6% गिरावट, निफ्टी भी 3.24% गिरा; साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी सोमवार 7 अप्रैल को साल की दूसरी बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 2226 अंक (2.95%) गिरकर 73,137 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 742 अंक (3.24%) की गिरावट रही, ये 22,161 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले 4 जून 2024 को बाजार 5.74% गिरा था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट रही। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर में 7% तक गिरावट रही। जोमैटो का शेयर 0.17% ऊपर बंद हुआ। NSE के सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी मेटल सबसे ज्यादा 6.75% गिरा। रियल्टी में 5.69% गिरावट रही। ऑटो, फार्मा, सरकारी बैंक, ऑयल एंड गैस और आईटी सेक्टर 4% नीचे बंद हुए। 2 अप्रैल से अब तक कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के दाम 12.11% घट चुके हैं। वहीं आज ब्रेंट क्रूड 4% टूटकर 64 डॉलर के नीचे फिसल चुका है। ये बीते 4 साल का निचला स्तर है।

संपादकीय : शुल्क पर संग्राम

अमेरिका की जवाबी शुल्क नीति का असर अब दुनिया के बाजार में दिखने लगा है। खुद अमेरिकी बाजार का रुख नीचे की तरफ हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जैसे ही विभिन्न देशों पर लगने वाले जवाबी शुल्क की सूची जारी की, वैश्विक बाजार डगमगाने लगे। शुक्रवार को डाउ जोन्स, नेस्डैक और एसएंडपी 500 में औसतन करीब छह फीसद की गिरावट देखी गई। यह गिरावट सभी क्षेत्रों में जारी रही । उसका असर भारतीय शेयर बाजार में भी दिखा। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर यही रुख बना रहा, तो दुनिया में बहुत जल्दी मंदी का दौर शुरू हो जाएगा। वैश्विक शेयर बाजार में इतनी बड़ी गिरावट कोरोना के बाद पहली बार देखी गई है। उधर, जिन देशों पर अमेरिका ने पारस्परिक शुल्क लगाया है, वे भी जवाबी शुल्क लगाने को तत्पर हैं। चीन ने तो तत्काल अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उतना ही शुल्क लगा दिया, जितना अमेरिका ने उस पर लगाया है। इस तरह शुल्क संग्राम शुरू होने की आशंका बढ़ गई है। स्वाभाविक ही इस अमेरिकी नीति का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा, जिसकी शुरू से आलोचनाएं हो रही हैं। शेयर बाजार में गिरावट का अर्थ है कि अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। जिन निवेशकों ने अमेरिकी फेडरल की दरें बढ़ने के चलते भारतीय पूंजी बाजार से पैसे निकाल कर अमेरिकी बाजार में लगाना शुरू किया था, उन्होंने भी पैसे निकालना शुरू कर दिया है। दरअसल, पारस्परिक शुल्क की वजह से अमेरिकी बाजार में पूंजी का प्रवाह ठहर जाने, उत्पादन कमजोर होने और तेजी से महंगाई बढ़ने की आशंका गहराने लगी है। खुद अमेरिका कई चीजों के उत्पादन में दूसरे देशों पर निर्भर है इसलिए उन पर शुल्क बढ़ेगा, तो अंतिम रूप से वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी। फिर बहुत सारी अमेरिकी कंपनियों ने विभिन्न देशों में अपनी उत्पादन इकाइयां लगा रखी हैं। कई मामलों में आंशिक रूप से, तो कई में पूर्ण रूप से वे अपना उत्पादन दूसरे देशों में करती हैं। इस तरह वहां से तैयार होकर आने वाले उत्पाद की कीमतें भी बढ़ जाएंगी। यही प्रक्रिया दूसरे देशों में भी शुरू हो जाएगी। जाहिर है, इससे न केवल अमेरिका, बल्कि पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ेगी। महंगाई बढ़ने का अर्थ है कि लोग अपने जरूरी खर्चों में भी हाथ पीछे खींचना शुरू कर देंगे। इस तरह बाजार में पूंजी का प्रवाह रुकेगा। इसका सबसे बुरा असर विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ेगा । वैसे ही दुनिया अभी मंदी की मार से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाई थी कि ट्रंप प्रशासन की शुल्क नीति ने एक नया चक्रव्यूह रच दिया। कोरोना के बाद सारी अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष करती नजर आ रही हैं। उसकी चपेट में अमेरिका भी रहा है। अब भी वहां महंगाई पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। अगर संस्थागत निवेशकों ने अपना हाथ पीछे खींचना शुरू कर दिया, तो अमेरिका की अर्थव्यवस्था और लड़खड़ाने लगेगी। अभी अमेरिका को लगता है कि वह पारस्परिक शुल्क के जरिए अपनी पूंजी में बढ़ोतरी और अर्थव्यवस्था में मजबूती ला सकेगा, मगर हकीकत यही है कि इसका सबसे बुरा प्रभाव खुद उसी पर पड़ेगा। इसीलिए यहां शुरू से इस नीति का विरोध हो रहा है। आधुनिक अर्थव्यवस्थाएं तन्हा नहीं रह गई हैं, उनमें परस्पर जुड़ाव है। वे अपने लाभ के लिए नए समीकरण और संगठन बनाती रहती हैं। ऐसे में, कहीं अमेरिका अलग-थलग न पड़ता जाए।

देशभक्त चितेरा

मनोज कुमार हिंदी सिनेमा के उन चंद अभिनेताओं में थे, जिन्होंने बंटवारे की त्रासदी को भोगा था। पाकिस्तान और चीन से संघर्ष के बाद निराश भारतीयों के मन में देशभक्ति की अलख जगाने का बीड़ा उठाने वाले वे अकेले कलाकार थे। उस दौर में जब भारत अपने बूते खड़ा हो रहा था, तब उन्होंने नागरिकों के मन में देश की संस्कृति और उसकी महानता पर गर्व करना सिखाया, जो आज के राष्ट्रवाद से कहीं बड़ा फलक था। उनकी फिल्मों में देशभक्ति का जज्बा उस दौर के करोड़ों दर्शकों के मन में उतरता चला गया। शायद इसीलिए कभी-कभी मनोज कुमार : कहते भी थे कि देशभक्ति थोपी नहीं जानी चाहिए। दरअसल, भारतीय नागरिकों में जिस तरह की देशभक्ति वे देखना चाहते थे, उसे उन्होंने बखूबी अभिव्यक्त किया और पूरब से लेकर पश्चिम तक उन्होंने भारत की ही बात सुनाई। इस तरह एक कलाकार के रूप में राष्ट्रीय चेतना की नींव मजबूत की और देशभक्ति की धारा बहाई। उनकी फिल्म 'शहीद' को कौन भूल सकता है। मनोज कुमार जब भगत सिंह की मां से मिले, तो उन्होंने कहा था कि तुम मेरे बेटे जैसे लगते हो। मनोज कुमार की फिल्मों में देशभक्ति की भावना व्यापक थी। वह एक राष्ट्र तक सीमित नहीं थी । उसमें करोड़ों नागरिकों के दुख-सुख और उनकी भावनाएं भी जुड़ी थीं। 'उपकार' और 'पूरब पश्चिम', फिर 'क्रांति' जैसी फिल्मों ने न केवल देशवासियों, बल्कि विदेश में रहने वाले प्रवासी भारतीयों को भी झकझोर कर रख दिया था। निश्चित रूप से उनकी फिल्मों में लादी गई देशभक्ति नहीं थी। न ही मनोज कुमार उनके जरिए अपना कोई विचार या दृष्टिकोण किसी पर थोप रहे थे। उनका एकमात्र लक्ष्य था, देशभक्ति जगाना और लोगों के मन में राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा पैदा करना। इसमें वे काफी हद तक कामयाब रहे। उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से सिर्फ देशभक्ति की बात नहीं की, गरीबी, बेरोजगारी, भूख और भ्रष्टाचार से बदहाली का भी चेहरा दिखाया। बाढ़ और सूखे से हलकान किसानों और कामगारों की दुर्दशा की भी बात की। इस तरह मनोज कुमार की फिल्मों में पूरे भारत की तस्वीर थी, एक राष्ट्रीय भावना थी ।


बीटेक स्टूडेंट ने 82 फर्जी वेबसाइट बनाई, फ्रेंचाइजी देकर करोड़ों ठगे, झारखंड से गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, डूंगरपुर। साइबर क्राइम थाने की टीम ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए करोड़ों की ठगी करने वाले एक बीटेक थर्ड ईयर के छात्र को गिरफ्तार किया है, जो 82 से अधिक फर्जी वेबसाइट बनाकर देशभर के लोगों को फ्रेंचाइजी और सरकारी योजनाओं के नाम पर लूट रहा था। गिरफ्तार आरोपी ऋतु आनंद, झारखंड के गोड्डा जिले का रहने वाला है और फिलहाल छत्तीसगढ़ के भिलाई में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। आरोपी ने बीएसएनएल टावर, सीएनजी पंप, जनआवास योजना और पीएम मुद्रा लोन जैसी स्कीम्स के नाम पर ब्रांडेड कंपनियों और सरकारी विभागों से मिलती-जुलती वेबसाइटें तैयार कीं और उन्हें अपने साथियों को बेच दिया। वेबसाइट्स के लिए फर्जी ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट्स और गूगल ऐड्स का इस्तेमाल किया जाता था, जिससे लोग असली कंपनी समझकर फंस जाते और लाखों रुपए गवां बैठते। डूंगरपुर निवासी प्रशांत चौबीसा भी इसी तरह ठगी का शिकार हुआ। उसने टाटा जूडियो की फर्जी फ्रेंचाइजी वेबसाइट पर भरोसा कर 24.24 लाख रुपए गंवा दिए और 18 नवंबर 2024 को मामला दर्ज कराया। साइबर थाना प्रभारी गिरधारीलाल के नेतृत्व में टीम ने ट्रैकिंग और तकनीकी जांच के बाद आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और इस देशव्यापी साइबर रैकेट की पूरी जानकारी जुटा रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने देश के विभिन्न हिस्सों में फैले लोगों से कई करोड़ रुपए की ठगी की है।

"रुपए लेने पहुंचे दुकानदार पर जानलेवा हमला, चाकू मारकर घायल किया, आसींद में बाजार बंद"



24 न्यूज अपडेट

आसींद (भीलवाड़ा)। रविवार देर रात आसींद कस्बे में लेनदेन के विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया, जब एक दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया गया। यह वारदात रात लगभग 11 बजे कृष्णा पब्लिक स्कूल के पास हुई। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए दुकानदार राकेश डांगी को पहले आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। राकेश डांगी, जो बड़े मंदिर क्षेत्र में जूते-चप्पल की दुकान चलाते हैं, ने बताया कि रविवार रात वे खाना खा रहे थे तभी दानिश पठान नामक युवक का फोन आया। दानिश ने पुराने लेनदेन के पैसे लौटाने के बहाने राकेश को कृष्णा स्कूल के पास बुलाया। राकेश अपने भाई मनीष के साथ वहां पहुंचे, लेकिन मौके पर पहले से मौजूद दानिश और उसके 2-3 साथियों ने दोनों भाइयों पर अचानक हमला कर दिया। हमले के दौरान दानिश ने राकेश पर चाकू से वार किया। राकेश लहूलुहान हो गए, वहीं मनीष ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी दानिश पठान को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और सकल हिंदू समाज ने सोमवार को आसींद बंद का आह्वान किया। सुबह 9 बजे बड़ा मंदिर परिसर में लोगों ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। बंद के दौरान अधिकांश दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रहे। घटना के बाद से कस्बे में तनाव का माहौल है। पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

डोटासरा का भाजपा पर वार: 'झंडे फहराने से विकास नहीं होता, जनता जवाब मांग रही है'''



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान की सियासत में जुबानी जंग और तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को डबोक एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। डोटासरा ने राठौड़ की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाते हुए कहा कि "छह से आठ महीने हो गए, कोई विजन नहीं दिखा। छतों पर झंडे फहराना विकास नहीं है, यह सिर्फ दिखावा है।"

डोटासरा ने कहा कि भाजपा की मौजूदा सरकार जनता से किए वादों को निभाने में पूरी तरह विफल रही है। "डेढ़ साल में एक भी संकल्प पूरा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री सिर्फ भाषणों में व्यस्त हैं और वो भी दिल्ली से आई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। ब्यूरोक्रेसी सरकार पर पूरी तरह हावी है," उन्होंने आरोप लगाया।

कानून व्यवस्था और बेरोजगारी पर सरकार को घेरा डोटासरा ने प्रदेश में बढ़ते अपराध और बेरोजगारी पर भी सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि "भ्रष्टाचार चरम पर है, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सरकार जवाबदेही से बच रही है। भाजपा लाखों नौकरियों की बात करती है, लेकिन धरातल पर कुछ हजार भर्तियों से ही काम चलाया जा रहा है।"

अनधिकृत समिति' पर जताई आपत्ति

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर प्रशासन में मनमानी करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "राज्य सरकार ने एक ऐसी समिति बना रखी है जिसे न अधिकार है न अनुभव। राजेंद्र राठौड़, अरुण चतुर्वेदी और घनश्याम तिवाड़ी जैसे नेता अधिकारियों को निर्देश देते हैं, लेकिन प्रशासन चुप है क्योंकि उन्हें न जानकारी है न जिम्मेदारी।"

टीकाराम जूली की भी सरकार पर सख्त टिप्पणी

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी डोटासरा के साथ एयरपोर्ट पहुंचे और उन्होंने भाजपा सरकार पर कड़ी टिप्पणी की। "विधानसभा में मंत्री जवाब तक नहीं दे पाते। कई बिल दोबारा भेजने पड़े। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के वादे अधूरे हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को चलाने में सरकार की कोई रुचि नहीं है," उन्होंने कहा। इसके बाद दोनों नेता खेरवाड़ा रवाना हुए, जहां डोटासरा कांग्रेस सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इससे पहले वे सीआईडी-सीबी कार्यालय पहुंचे, जहां कोटा रेंज आईजी रवि दत्त गौड़ के खिलाफ दिए अपने बयान को लेकर स्पष्टीकरण देने पहुंचे। इस दौरान डोटासरा ने फिर दोहराया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश अगर बढ़ा, तो सरकार के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है।

राजनीतिक बयानबाजी पर सीआईडी-सीबी में बयान दर्ज

जयपुर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोमवार को सीआईडी-सीबी कार्यालय पहुंचकर आईजी रवि दत्त गौड़ के खिलाफ दर्ज मामले में अपने बयान दर्ज कराए। यह विवाद उस बयान से जुड़ा है जिसमें दोनों नेताओं ने कथित रूप से आईजी को धमकाया था। बयान दर्ज करवाने के बाद डोटासरा ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर 14 मामले दर्ज हैं, लेकिन अब तक कोई चालान पेश नहीं हुआ। उन्होंने पूछा, "अगर कानून सभी के लिए बराबर है तो दिलावर को भी बुलाया जाए।" वहीं जूली ने कहा कि उन पर झूठा केस दर्ज किया गया, जबकि वे घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं थे। उन्होंने कहा, "हमें डराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हम पीछे हटने वाले नहीं। अगर जेल भी जाना पड़े, तो जाएंगे।" दोनों नेताओं ने राज्य सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत के खिलाफ बाप पार्टी का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट पर पुतला दहन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के खिलाफ जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। बाप पार्टी ने सांसद रावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ लगातार भ्रामक और आपत्तिजनक बयानबाजी कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने रावत के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) को ज्ञापन भी सौंपा। बाप पार्टी के प्रदेश प्रभारी अमित खराड़ी ने बताया कि सांसद मन्नालाल रावत ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट साझा की थी, जिसमें उन्हें आईएसआई एजेंट बताया गया। इसके अलावा, उन्होंने बाप पार्टी को "नक्सलवादी पार्टी" कहकर पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। खराड़ी ने कहा कि यह सब एक सुनियोजित साजिश के तहत किया जा रहा है जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। बाप पार्टी पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि सांसद राजकुमार रोत ने मणिपुर में हुई जातीय हिंसा और आदिवासी महिलाओं के साथ हुए अमानवीय व्यवहार के विरोध में एक मानवतावादी मशाल जुलूस निकाला था। उस जुलूस की तस्वीरों को रावत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस प्रकार प्रस्तुत किया, जिससे यह संकेत मिले कि बाप पार्टी और डूंगरपुर क्षेत्र का आईएसआई से संबंध है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि सांसद रावत के ऐसे बयान न केवल बाप पार्टी की साख को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि यह अनुसूचित क्षेत्रों में अशांति फैलाने का प्रयास भी है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सांसद के खिलाफ अविलंब कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई जनप्रतिनिधि इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकत न करे। प्रदर्शन के दौरान बाप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए नारेबाजी की और सांसद रावत का पुतला जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

विद्यापीठ - विश्व स्वास्थ दिवस पर चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन ,स्वास्थ के प्रति रहे जागरूक, योग को बनाये जीवन का हिस्सा - प्रो. सारंगदेवोत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. विश्व स्वास्थ दिवस पर जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से लोकमान्य तिलक शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जांच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि वे अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहे व योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाये। योग से पूरा शरीर स्वस्थ रहता है और इम्युनिटी पॉवर बढ़ती है, जिसका उदाहरण हमें कोरोना में देखने को मिला। शिविर में होम्योपैथिक महाविद्यालय की चिकित्सालय दल ने अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया, जिसमें मुख्य रूप से बीपी, बढ़ता वजन, ऑक्सीजन स्टार पल्स रेट एवं शरीर से जुड़ी महत्वपूर्ण झांसी करवाई गई। शिविर में 98 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें 38 छात्र 60 छात्राएं शामिल है इसके अतिरिक्त महाविद्यालय संकाय सदस्यों एवं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. निवेदिता, डॉ. लीली जैन, डॉ. बबीता रशीद,डॉ अजीता, डॉ. राजन सूद, डॉ. नवीन कुमार विश्नोई, डॉ. एजाज हुसैन, डॉ. गौतम दास, डॉ. सुमित्रा ढाका ने अपनी सेवाएँ दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वस्थ शुरूआत - आशावान भविष्य की शपथ दिलाई।

नवरात्री पर बालाजी गोधाम इंटाली में कन्या पूजन कर भोजन करवाया



24 न्यूज अपडेट

श्री बालाजी गोधाम इंटाली में चैत्र नवरात्री के अंतिम दिन रामनवमी पर गोधाम इंटाली में हवन पूजन कर कन्याओं को भोजन करवाया गया |

रामचंद्र जनवा ने बताया कि रामनवमी पर नो कन्याओं का पूजन करके उनको चुंदरी और श्रीफल भेंट करके उनका आशीर्वाद लिया गया | शोभलाल जनवा ने कहा कि सनातन धर्म में कन्याओं को भोजन का अपना महत्व है, नवरात्री पर कन्याओं को भोजन करवा कर गोमाता से गांव और श्रेत्र की सुख स्मृद्धि की कामना गोमाता से की | इस मौके पर पूर्व सरपंच कालूलाल पीपाड़ा, तुलसीराम जनवा, राहुल पूजारी, ललित मेनारिया, किस्मत जनवा, नारायण जनवा, शांतिदास वैष्णव, राजू जनवा, मुकेश गोस्वामी, हितेश जनवा सहित गो भक्त मौजूद रहे |

वाह मौसम विभाग, एसी की ठंडी हवा में तपते राजस्थान की गर्मी पर चिंतन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। जयपुर में मौसम विभाग की बहुप्रतीक्षित, अत्यंत संवेदनशील और गरमागरम कार्यशाला का आयोजन 3 और 4 अप्रैल को किया गया। इसका विषय था हीट वेव और प्री-मानसून गतिविधियों से कैसे निपटें? इसके चित्र आज विभाग की ओर से ट्विटर एक्स पर जारी किए गए। फोटो सामने आया तो राज खुल गया। चर्चा हो रही थी एसी की ठंडी हवा में। यानी, गर्मी से झुलसते राजस्थान के लिए रणनीति बन रही है उस कमरे में जहां तापमान मनचाही डिग्री पर स्थिर रखा गया है। पंखा भी मानो कह रहा है कि "भाई मेरे, मेरी क्या जरूरत थी?" राजस्थान में तापमान की रफ्तार जबर्दस्त व जानलेवा है। गर्मी सहन करना मश्किल हो रहा है। बाड़मेर में 44.7 डिग्री, जैसलमेर में 45.2 डिग्री, और हनुमानगढ़ ने तो 46 डिग्री पार कर जैसे कह दिया है कि "ये तो बस झलक है, असली आग तो जून में देखना!" अब सोचिए, जिस किसान की फसल सूख रही है, जो मजदूर सड़क पर काम करते हुए पसीने से तर-बतर हो रहा है, जो आमजन सड़कों पर चलते चलते थक हार कर त्राहिमाम कर रहा है। उनके लिए एसी में बैठकर यह निर्णय लिया जा रहा है कि "गर्मी से बचाव कैसे किया जाए?" इसमें यह प्रस्ताव जरूर आए होंगे कि "हमें आमजन को जागरूक करना चाहिए।" तो किसी ने कहा होगा कि "प्री-मानसून गतिविधियों की भविष्यवाणी के लिए उपग्रह डेटा को गहराई से समझना जरूरी है।" या फिर "गर्मी में नागरिकों को ओआरएस बांटा जाए।" लोगों को समझाया जाए कि जरूरत होने पर ही घर से बाहर निकलें अन्यथा नहीं निकलें। बाद में सबने ठंडी आहें भरी होंगी कि "अरे वाह! ठंडी हवा में सोचने का मजा ही कुछ और है!" इस ऐतिहासिक कार्यशाला में सबसे ज्यादा आनंद उस चायवाले की चाय का आया होगा जो बाहर 45 डिग्री तापमान में बनकर अंदर आई व सबको गर्मी का अहसास करवा गई। "हीट वेव एक्सपर्ट्स" ठंडी हवा में गरम चाय की चुस्कियां ले आनंदित हो रहे होंगे। ये कार्यशाला नहीं, एक "ठंडी विडंबना" है। जिस कमरे में एसी के नीचे बैठकर गर्मी से निपटने के गुर सिखाए जा रहे थे, उस कमरे से बाहर मोबाइल पर मौसम विभाग की चेतावनी चमक रही है। "अगले 5 दिन लू चलने की संभावना, अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें।" पर सवाल ये है कि जिनके पास एसी नहीं है, वो कहां जाएं? मौसम विभाग ने खुद के लिए तो ठंडे ठिकानों का इंतजाम कर रखा है। पूरी सरकारी मशीनरी ने भी कर रखा है। आम आदमी जाए तो कहां पर जाए। अगली बार अगर वाकई में हीट वेव पर गंभीरता से चर्चा करनी हो, तो कार्यशाला खुले मैदान में रखिए। जहां गर्मी असल में महसूस हो।

जोधपुर में निजी कॉलेज संचालक के खिलाफ मामला दर्ज नामी यूनिवर्सिटी-इंस्टीट्यूट से डिप्लोमा का झांसा दिया, शिकायत की तो मैनेजमेंट बोला- जुबान फिसल गई थी



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर के कमला नगर हॉस्पिटल के पीछे स्थित एक निजी कॉलेज के संचालक के खिलाफ देवनगर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। एक स्टूडेंट ने कॉलेज संचालक पर तीन बार अलग-अलग यूनिवर्सिटी-इंस्टीट्यूट से डिप्लोमा कराने का झांसा देकर रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। इस स्टूडेंट का कहना है कि जिन-जिस यूनिवर्सिटी-इंस्टीट्यूट का नाम लिया गया था, हकीकत में उन तीनों में वो कोर्स ही नहीं कराया जाता है।

ग्राफिक डिप्लोमा के लिए संपर्क किया था

देवनगर थाने में बावड़ी के खारी कलां निवासी हेमंत जाट पुत्र रूपाराम द्वारा कोर्ट में पेश इस्तगासा के आधार पर दर्ज एफआईआर के अनुसार – उसने अक्टूबर 2024 में कमला नगर हॉस्पिटल के पीछे स्थित इनफेम कॉलेज के संचालक फरखान से ग्राफिक्स डिप्लोमा में प्रवेश के लिए संपर्क किया था। यहां कॉलेज की मैनेजर भावना ने हेमंत को बताया कि आपको ग्लोबल यूनिवर्सिटी से डिप्लोमा कराया जाएगा। एक साल के इस कोर्स की फीस 52 हजार रुपए है। फीस पर 10 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा।

रसीद इनफेम कॉलेज के नाम की दी

एफआईआर के अनुसार, परिवादी ने 9 अक्टूबर 2024 को एडमिशन के लिए 21 हजार 300 रुपए ऑनलाइन भुगतान कर दिया। कॉलेज ने इसकी रसीद भी दी। इसके बाद दो सेमेस्टर की फीस के नाम पर 1500-1500 रुपए लिए गए। इनमें एक सेमेस्टर की फीस जमा करवाने पर मिली रसीद को परिवादी ने देखा, तो वो ग्लोबल यूनिवर्सिटी की बजाय इनफेम कॉलेज के नाम की थी।

हेमंत ने जब इस बारे में पूछा, तो बताया गया कि ग्लोबल यूनिवर्सिटी की रसीद बाद में दे देंगे, लेकिन बार-बार कहने पर भी उसे रसीद नहीं दी गई। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने उस पर 15 हजार रुपए की बकाया फीस देने का दबाव बनाया, तो परिवादी ने 30 जनवरी 2025 को यह राशि भी ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। इस दौरान भी हेमंत ने कॉलेज से ग्लोबल यूनिवर्सिटी के एनरोलमेंट नंबर व स्टूडेंट आईडी देने के लिए कहा, तो लेकिन उन्होंने अपने कॉलेज के नाम की रसीद थमा दी।

न ऐसा डिप्लोमा, न इनफेम कॉलेज ही एफिलिएडेट

इनफेम कॉलेज में टालमटोल का रवैया देख परिवादी को संदेह हुआ। तब उसने ग्लोबल यूनिवर्सिटी से संपर्क करके पूछा कि ग्राफिक्स डिप्लोमा का कोर्स करवाते हो क्या? और आपकी कॉलेज इनफेम कॉलेज से एफिलिएडेट है क्या? तब उन्होंने स्पष्ट मना कर दिया की हमारी ग्लोबल यूनिवर्सिटी से कोई एफिलिएडेट संस्था नहीं है और न ही ऐसा कोई ग्राफिक्स डिप्लोमा का कोर्स करवाया जाता है।

राजस्थान में गर्मी का कहर जारी, कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट, बाड़मेर में टूटा रिकॉर्ड



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. प्रदेश में गर्मी ने अप्रैल की शुरुआत में ही अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है. आगामी 3-4 दिनों तक राज्य में मौसम शुष्क रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग के मुताबिक, बीते 24 घंटों में राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.8 डिग्री अधिक है. इससे पहले अप्रैल के पहले सप्ताह में अधिकतम तापमान का रिकॉर्ड 3 अप्रैल 1998 को 45.2 डिग्री दर्ज किया गया था. इसके अलावा जालौर में भी सीजन का सबसे गर्म दिन रविवार को रहा, जब जिले का पारा 42 डिग्री दर्ज हुआ. बीते साल की तुलना में इस बार 6 अप्रैल को पारा 3.9 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, तेज गर्म हवाओं और चढ़ते पारे ने दिनभर लोगों को बेहाल किया और रात का तापमान भी 5.4 डिग्री उछल गया.

कई जिलों में हीटवेव का कहर : मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आगामी 3 से 4 दिनों तक राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है. विभाग ने बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर जिलों के लिए हीटवेव की चेतावनी जारी की है. इन जिलों में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने की संभावना है. इसके अलावा 7 से 9 अप्रैल के दौरान बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और जयपुर संभाग के कई क्षेत्रों में हीटवेव की स्थिति बने रहने की आशंका जताई गई है. जोधपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में तीव्र हीटवेव का असर भी देखा जा सकता है.

प्रतापगढ़ में थाना केसरियावाद पुलिस की साइबर सेल की सूचना पर कार्रवाई, पशु क्रूरता का आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 7 अप्रैल। प्रतापगढ़ जिले में थाना केसरियावाद पुलिस ने साइबर सेल की सूचना पर पशु क्रूरता के आरोप में गांव भणावता निवासी आरोपी दिनेश मीणा पुत्र चोखला (19) को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फेमस होने के लिए कुत्ते के साथ मारपीट करते हुए रील बनाकर अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट किया था।


जिला एसपी विनीत कुमार बंसल को पशु अधिकार कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद् मेनका गांधी ने रविवार को आवश्यक कार्रवाई के लिए एक वीडियो भेजा था, जिसमें एक व्यक्ति कुत्ते के साथ मारपीट कर रहा था। इस पर एसपी बसंल ने साईबर सैल टीम को आरोपी की पहचान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वीडियो पोस्ट करने वाले अभियुक्त का पता लगा टीम ने एसएचओ केसरियावाद को पूरी जानकारी दी।

एसपी बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह एवं सीओ केसरियावाद नानालाल सालवी के सुपरविजन में एसएचओ रमेश चन्द्र एवं साइबर सैल प्रभारी एएसआई प्रताप सिंह मय टीम द्वारा आरोपी दिनेश मीणा को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

आरोपी दिनेश मीणा ने दिनु टिमली नाम से इंस्टाग्राम आईडी बना रखी है। सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिये वीडियो व रील बनाकर पोस्ट करने का आदी है। इसी के चलते इसने इसने कुत्ते के साथ मारपीट करते हुए का वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल की थी।

इस कार्रवाई में एसएचओ रमेश चंद्र व एएसआई प्रताप सिंह सहित थाना केसरियावाद से हेड कांस्टेबल महेश चंद्र, मोहन पाल, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार व राकेश शामिल थे।

गांवों में लगे 600 यूटीबी डॉक्टर हटाए, पीएचसी और सीएचसी पर चरमरा गई चिकित्सा व्यवस्था



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान सरकार ने प्रदेश भर में लगे 600 यूटीबी चिकित्सकों को हटा दिया है. इससे पीएचसी और सीएचसी पर चिकित्सा सेवा ठप हो गई. ग्रामीणों को इलाज के लिए अब उपखंड या जिला स्तर पर जाना पड़ रहा है. इससे मरीजों को नुकसान उठाना पड़ रहा है. मरीज और उसके परिजनों पर उपखंड तक आने जाने का खर्चा भी बढ़ गया है.

डॉक्टर्स वेलफेयर फेडरेशन (डीडब्ल्यूएफ) ज्वाइंट एक्शन कमेटी के महासचिव डॉ दिव्यांशु नागोरा ने बताया कि राजस्थान सरकार ने अर्जेंट टेंपरेरी बेसेज पर प्राइमरी हेल्थ सेंटर (पीएचसी) और सामुदायिक हेल्थ सेंटर (सीएचसी) पर लगे 600 से अधिक डॉक्टर अर्जेन्ट टेंपरेरी बेसिस पर लगे हुए थे. ये लोग स्थाई चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चिकित्सा सेवा में अपना योगदान दे रहे थे. उन्होंने बताया कि हाल ही में राजस्थान सरकार ने आदेश जारी करते हुए सभी यूटीबी चिकित्सकों को हटा दिया. इससे पीएचसी और सीएचसी स्तर तक स्वास्थ्य व्यवस्थाएं प्रदेश में चरमरा गई है. खासकर इसका सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है. डॉ नागौरा ने कहा कि यूटीबी चिकित्सकों को हटाए जाने से प्रदेश में झोलाछाप चिकित्सकों को बढ़ावा मिला है और वे सक्रिय हो गए हैं.

यूटीबी चिकित्सकों की हो बहाली: डॉ नागौरा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया है कि वे आमजन के हित में यूटीबी चिकित्सकों को बहाल करें. उन्होंने कहा कि यूटीबी चिकित्सकों का चिकित्सा क्षेत्र में काफी योगदान है. हर जगह पर सरकारी चिकित्सकों की उपलब्धता नहीं हो पाती है. ज्यादा से ज्यादा 1700 सीटों पर 2 वर्ष में भर्ती की जाती है. सीएचसी और पीएचसी स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना सरकार के लिए काफी महत्वपूर्ण विषय है. यूटीबी चिकित्सकों की बहाली जितनी जल्दी सरकार करेगी. आमजन को उतना ही फायदा मिलेगा.

झोलाछापों को मिलेगा फायदा: डॉ नागौरा ने आशंका जताई कि यूटीबी चिकित्सकों को हटाने का सबसे बड़ा फायदा अवैध रूप से गांवों में चिकित्सा कर रहे झोलाछाप लोगों को मिलेगा. वे आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करेंगे. झोलाछाप डॉक्टर्स से पीड़ित सीएचसी और पीएचसी आते रहते हैं, लेकिन अब यूटीबी चिकित्सकों का सेवाकाल नहीं बढ़ने से स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमराएंगी.

अजमेर में नाबालिग से रेप के आरोपी को 20साल जेल सहेली के घर के सामने रहता था, दोस्ती कर दुष्कर्म किया; 25 हजार जुर्माना भी लगाया



24 न्यूज अपडेट

अजमेर की पॉक्सो कोर्ट 2 ने नाबालिग से रेप के आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। डीएनए और एफएसएल रिपोर्ट में हुई पुष्टि के आधार पर कोर्ट की और से यह फैसला सुनाया गया।

सहेली के घर के सामने रहता था

विशिष्ट लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने बताया कि आदर्श नगर थाने में 15 फरवरी 2024 14 साल की नाबालिग से रेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़िता ने बताया था कि आरोपी उसकी सहेली के घर के सामने ही रहता है। जिसने उससे दोस्ती कर उसके साथ रेप किया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज का टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए थे। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

20 साल सजा, 25 हजार जुर्माना

शेखावत ने बताया कि सोमवार को पॉक्सो को 2 में मामले की सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह और 25 दस्तावेज पेश किए गए। डीएनए और एफएसएल रिपोर्ट में नाबालिग से रेप की पुष्टि भी हुई थी। इसके बाद न्यायाधीश रंजन सिंह की ओर से आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई गई। आरोपी पर 25,हजार का जुर्माना भी लगाया है। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए लिखा कहा कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों के साथ बढ़ते अपराध को देखते हुए आरोपी के प्रति नरमी बरतना उचित नहीं है।

राज्यपाल कटारिया 9 से 17 तक उदयपुर प्रवास पर, विभिन्न आयोजनों में होंगे शामिल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक उदयपुर में प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे धार्मिक, सामाजिक और राजकीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। कटारिया 9 अप्रैल को सांय 7:30 बजे डबोक स्थित महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे, जहां प्रशासन द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। साथ ही भाजपा शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वे अपने निवास स्थान पर रात्रि विश्राम करेंगे। 10 अप्रैल को प्रातः 8:30 बजे महामहिम महावीर जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्रा में भाग लेंगे। शोभायात्रा के समापन के पश्चात वे सड़क मार्ग से देलवाड़ा जाएंगे, जहां एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। 11 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक महामहिम सर्किट हाउस में आमजन से मुलाकात करते हुए जनसुनवाई करेंगे। 12 अप्रैल को प्रातः 11 बजे राजस्थान कृषि महाविद्यालय सभागार में आयोजित स्व. सुंदर सिंह भंडारी जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसी दिन सांय 7:30 बजे वे शोभागपुरा स्थित ऑर्बिट रिसोर्ट में पोरवाल समाज के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की जा रही है।

आसाराम को फिर 1 जुलाई तक अंतरिम जमानत:हाईकोर्ट ने राहत दी; 31 मार्च को ढाई महीने की बेल खत्म हुई थी



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत की अवधि 1 जुलाई तक बढ़ा दी है।

हाईकोर्ट ने आसाराम को सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूर्व में जारी शर्तों का पालन करने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा- गुजरात हाईकोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर आसाराम को अंतरिम जमानत देने से पहले तमाम तथ्यों की जांच की। ऐसे में उन्हीं मेडिकल ग्राउंड्स की दोबारा जांच की आवश्यकता नहीं है।

कोर्ट ने कहा- अंतरिम जमानत नहीं देने के लिए भी कोई ठोस आधार सामने नहीं आ रहा है। इसके बाद कोर्ट ने आसाराम को 30 जून तक की अंतरिम जमानत दी तो वकील ने अंतिम दिन छुट्टी होने की बात कहते हुए इसे 1 जुलाई तक करने का आग्रह किया।

आसाराम 14 जनवरी से 31 मार्च तक अंतरिम जमानत पर था। ये पीरियड खत्म होने पर 1 अप्रैल को आसाराम ने सरेंडर कर दिया था। उसी रात वह प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हो गया था और अभी भी वहीं पर भर्ती है।

उदयपुर में नगर निगम सीमा विस्तार का विरोध तेज: कानपुर और मटुन सहित कई गांवों के ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर जिले के कानपुर, मटुन, खरबड़िया सहित आसपास के कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को नगर निगम के परिसीमन में अपने गांवों को जबरन शामिल किए जाने के विरोध में जिला कलेक्ट्री पर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और प्रशासन पर बिना जानकारी और सहमति के फैसला थोपने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि यदि आदेश को जल्द वापस नहीं लिया गया तो नेशनल हाइवे 76 को जाम किया जाएगा और भूख हड़ताल व अनशन जैसे कदम उठाए जाएंगे। कानपुर के पूर्व उपसरपंच मदनलाल डांगी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी परिसीमन आदेश में 48 गांवों को नगर निगम की सीमा में शामिल किया गया है, जिनमें कानपुर, मटुन और खरबड़िया सहित 12 गांव ऐसे हैं जो ग्रीन बेल्ट और वेटलैंड क्षेत्र में आते हैं। इन क्षेत्रों में अब तक नगर विकास न्यास की ओर से कोई विशेष विकास कार्य नहीं करवाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे पंचायतीराज व्यवस्था से संतुष्ट हैं और शहरी प्रशासन में शामिल होने से किसानों, मजदूरों और पशुपालकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आशंका जताई कि इन क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किए जाने से टीएसपी (आदिवासी उप योजना) का लाभ भी प्रभावित होगा। इससे बच्चों की शिक्षा, छात्रवृत्तियां और अन्य सरकारी योजनाओं पर नकारात्मक असर पड़ेगा। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उनकी सामाजिक और भौगोलिक स्थिति नगर निगम की संरचना के अनुरूप नहीं है और शहरीकरण की कोई वास्तविक आवश्यकता नहीं है, इसके बावजूद उन्हें जबरन शामिल किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत कानपुर गांव में दुकानों को बंद कर के की गई। इसके बाद ग्रामीण बस स्टैंड पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में जिला कलेक्ट्री पहुंचे। वहां उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए परिसीमन आदेश को रद्द करने की मांग की। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक फूल सिंह मीणा पर भी उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी चुप्पी हजारों ग्रामीणों के भविष्य को खतरे में डाल सकती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करता, तो वे राष्ट्रीय राजमार्ग 76 को जाम करेंगे, सड़कों पर जानवर छोड़ देंगे और ट्रैक्टरों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। उनका कहना है कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन यदि सरकार ने हठधर्मिता नहीं छोड़ी तो विरोध और उग्र रूप ले सकता है।

एमडीएस की कियाना परिहार ग्रीस में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व, 10 साल की उम्र में रच रही हैं शतरंज में इतिहास



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। एमडीएस स्कूल उदयपुर की शतरंज प्रतिभा कियाना परिहार एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने जा रही हैं। एम.डी.एस. सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 5 की छात्रा कियाना को विश्व कैडेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 12 से 18 अप्रैल 2025 तक रोड्स, ग्रीस में आयोजित होगी और कियाना 10 अप्रैल को भारत से रवाना होंगी। कियाना ने मात्र 4 वर्ष की उम्र से शतरंज खेलना शुरू किया और आज उनकी फाडे रेटिंग 1712 है। वे देश की सबसे कम उम्र की महिला कैंडिडेट मास्टर बनने के बेहद करीब हैं। वर्तमान में वे कोच हेमल थांकी के निर्देशन में प्रशिक्षण ले रही हैं और हर दिन 6-8 घंटे की कठिन मेहनत करती हैं। कियाना की प्रेरणादायक यात्रा में उनके माता-पिता का बड़ा योगदान है। माँ मनीषा गहलोत हर टूर्नामेंट में साथ होती हैं, जबकि पिता जितेन्द्र परिहार निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देते हैं। प्रायोजक नीव सोसायटी और वंडर सीमेंट ने उनके सपनों को उड़ान देने में अहम भूमिका निभाई है। स्कूल निदेशक शैलेन्द्र सोमानी ने कहा, "कियाना हमारे स्कूल की ही नहीं, उदयपुर और भारत की भी शान बन चुकी है। हम उसकी सफलता की कामना करते हैं।" कियाना कहती हैं: "भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गौरव की बात है। मैं हर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की पूरी कोशिश करूंगी।"

चित्तौड़गढ़ में अफीम तुलाई में आई तकनीकी अड़चनें, भंडारण की कमी से प्रक्रिया टली



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। नारकोटिक्स विभाग द्वारा चल रही अफीम तुलाई प्रक्रिया में तकनीकी और प्रशासनिक चुनौतियां सामने आ रही हैं। अब तक जिले के तीनों खंडों के 433 गांवों के 9,844 किसानों से कुल 1.16 लाख किलो (116214.29 किलो) अफीम प्राप्त की जा चुकी है। विभाग की योजना अनुसार तुलाई कार्य पहले व तीसरे खंड में 12 अप्रैल और दूसरे खंड में 8 अप्रैल तक पूर्ण किया जाना था। लेकिन नीमच स्थित भंडारण गोदाम के भर जाने और नया गोदाम तैयार नहीं होने के कारण प्रक्रिया को 10 दिन आगे बढ़ा दिया गया है।

तीनों खंडों से मिली इतनी अफीम

पहले डिवीजन में 183 गांवों के 3103 किसानों से 60,862.48 किलो, दूसरे डिवीजन में 128 गांवों के 3898 किसानों से 32,798.96 किलो और तीसरे खंड में 122 गांवों के 2843 किसानों से 22,552.85 किलो अफीम ली गई। इस दौरान कुछ किसानों की अफीम को 'सस्पेक्टेड' श्रेणी में भी रखा गया—जैसे एक किसान की 7.510 किलो अफीम में अत्यधिक पानी की मिलावट पाई गई, वहीं तीसरे खंड में एक अन्य किसान की 8.990 किलो अफीम भी संदिग्ध पाई गई।

भंडारण में देरी बनी बड़ी बाधा

नीमच के मोरवन क्षेत्र में नया गोदाम निर्माणाधीन है, जहां डोडों को रखा जाना था, लेकिन इसके तैयार नहीं होने से पूरे शेड्यूल में देरी हो गई है। इससे न केवल तुलाई की प्रक्रिया रुकी है, बल्कि प्रशासन को अतिरिक्त खर्च का सामना भी करना पड़ रहा है। प्रतिदिन टेंट, पंखे, कूलर जैसी व्यवस्थाओं पर करीब 22,000 का खर्च आ रहा है, जबकि अफीम परिवहन के ट्रकों का रोज़ाना 13,000 किराया देना पड़ रहा है।

किसान का सम्मान, सकारात्मक पहल

इस बीच, पहले डिवीजन के अफीम अधिकारी अजय कुमार शंखवार और रविकांत अग्रवाल ने एक नवाचार करते हुए पिछले वर्ष सर्वाधिक मार्फिन एवरेज देने वाले किसान भैरूलाल अहीर को सम्मानित किया। भैरूलाल ने 8.564% प्रति हेक्टेयर मार्फिन औसत देकर अन्य किसानों को भी प्रेरित किया। अफीम उत्पादन में आमतौर पर 4.2% मार्फिन एवरेज का मानक होता है, जिसे न पूरा करने पर किसानों का लाइसेंस बीसी पद्धति में बदल दिया जाता है। अधिकारियों ने किसानों को समझाया कि उचित देखरेख और प्रयास से यह मानक हासिल किया जा सकता है। अफीम तुलाई कार्य का अगला चरण अब 18 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है, जब तक कि भंडारण की समस्या का समाधान नहीं हो जाता। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और विभागीय स्तर पर समन्वय जारी है।

उदयपुर के आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुरः शहर के ख्यातनाम आर्किटेक्ट और स्केच आर्टिस्ट सुनील एस. लड्ढा को विविध क्षेत्रों में की गई उल्लेखनीय सेवाओं और नवाचारों के लिए लंदन में अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है.

यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अंतरराष्ट्रीय विवेक दिवस के मौके पर ब्रिटिश संसद हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित समारोह में सुनील लड्ढा को 'ग्लोबल यूथ आइकन फॉर पीस' अवार्ड से सम्मानित किया गया.

लड्ढा को यह सम्मान वास्तुकला के क्षेत्र में नवाचारों के माध्यम से देश-विदेश में विशिष्ट-अतिविशिष्ट संरचनाओं के निर्माण, सुरतान बावड़ी के जीर्णोद्धार की पहल को मन की बात के माध्यम से देश दुनिया तक पहुंचाने, समावेशी और नैतिक प्रयासों को अमल में लाने, स्कूली बच्चों में गुरिल्ला लाइटिंग शो के माध्यम से पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाने, वर्ल्ड पीस रैली में हिस्सा लेकर शांति का संदेश प्रतिध्वनित करने, सामाज के विविध वर्गों में सौहार्द के प्रयास करने, अर्बन स्केचर्स ग्लोबल समूह के माध्यम से कलाजगत में सेवाएं देने और इंटरनेशनल सोसाइटी फ़ॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) या अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ व हरे कृष्ण आंदोलन से जुड़कर दिए जा रहे विशिष्ट सहयोग के लिए दिया गया है.

इस वर्ष भारतवर्ष से यह सम्मान पाने वाले लड्ढा एकमात्र व्यक्ति हैं. लड्ढा की इस गौरवशाली उपलब्धि पर वास्तु व कला जगत में हर्ष व्याप्त हो गया है. उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अंतरराष्ट्रीय विवेक दिवस की स्थापना 2019 में शांति की संस्कृति और मानवाधिकारों के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए की गई थी.

जमीन एग्रीमेंट के नाम पर पीड़ित से 35.50 लाख की वसूली, हिस्ट्रीशीटर नरेश वैष्णव गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जबरन जमीन एग्रीमेंट कराकर पीड़ित से 35 लाख 50 हजार रुपए की वसूली के मामले में सुखेर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर दिलीपनाथ और उसके साथियों ने सुनियोजित साजिश के तहत सुखेर क्षेत्र के एक व्यक्ति को उसके घर के बाहर से जबरन उठाकर बडगांव तहसील कार्यालय ले गए। वहां जान से मारने की धमकी देकर जमीन का फर्जी एग्रीमेंट कराया गया और खुद व उसकी बच्ची को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर मोटी रकम वसूली गई। घटना के संबंध में थाना सुखेर में IPC की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान अधिकारी डिप्टी सूर्यवीर सिंह राठौड़ के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नरेश वैष्णव (38), निवासी छोटा बेदला को गिरफ्तार किया है, जो थाना सुखेर का हिस्ट्रीशीटर भी है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। इस मामले में मुख्य आरोपी दिलीपनाथ पुत्र नारायणनाथ (सीसारमा), नरेश पालीवाल (सज्जन नगर), निलंबित पुलिस कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह, गजेंद्र चौधरी (अंबामाता), देवेंद्र उर्फ डेविड (कालारोही), शंकर सिंह (अंबेरी), पिंटू कलाल (मेहरों का गुड़ा), नारायण दास वैष्णव सहित अन्य को नामजद किया गया है। पुलिस सभी आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि मामला संगठित अपराध की ओर इशारा करता है और सभी आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

वंडर सीमेंट द्वारा 1.13 करोड़ के सहयोग से जिले के शिक्षण संस्थानों में होंगे 2.32 करोड़ के निर्माण कार्य



24 न्यूज अपडेट

वंडर सीमेंट लि., आर. के. नगर निम्बाहेड़ा के द्वारा सी.एस.आर. कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक 05.04.2025 को कम्पनी के यूनिट हेड नितिन जैन द्वारा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं अति. जिला परियोजना समन्वयक समसा, चित्तौड़गढ़ प्रमोद दशोरा, प्रधानाचार्य मॉडल स्कुल निम्बाहेड़ा अनिल सोमानी, पी.ई.ई.ओ. फाचर अहिरान कौशल्या शर्मा, प्रधानाचार्य वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कारुण्डा श्री संदीप सिंह चैधरी, प्रधानाध्यापक रा. उ. प्रा. वि पालडी यशवन्त कुमार जोशी को विद्यालयों एवं शिक्षा विभाग में निर्माण कार्य संपादित करवाने हेतु वंडर सीमेंट द्वारा जन सहयोग राशि 1 करोड़ 13 लाख रुपये के चेक हस्तांतरित किये गये। इस अवसर पर जैन ने बताया कि वंडर सीमेंट लि. द्वारा राजकीय शिक्षण संस्थानों के उन्नयन हेतु शिक्षा विभाग को वंडर सीमेंट लि. द्वारा बहुमुल्य सहयोग किया गया है जिससे विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में कक्षा-कक्ष, खेल मैदान, चार दिवारी, शौचालय इकाई, विद्यालय स्वागत द्वार, डोम, पाथ-वे, पेयजल सुविधा जैसे आवश्यक निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ होंगे। वंडर सीमेंट लि. द्वारा परियोजना क्षेत्र, निम्बाहेड़ा ब्लॉक एवं निकटवर्ती राजकीय विद्यालयों को निरन्तर सहयोग किया जा रहा है।* साथ ही विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लेब, विद्यार्थियों के लिये फर्नीचर सेट, विद्युतीकरण, बसी.सी.टी.वी. कैमरा लगवाना, खेल मैदानों का विकास, पौधारोपण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। राजकीय विद्यालयों को मिले इस अमूल्य सहयोग के लिये मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, चित्तौड़गढ़ दशोरा ने शिक्षा विभाग की और से कम्पनी प्रबन्धन को हार्दिक अभार ज्ञापित करते हुए कहा की शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन के लिये वंडर सीमेंट लि. के सहयोग एवं तत्परता से पुरे क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों का स्वरुप बदल रहा है एवं ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये वंडर सीमेंट रुरल डवलपमेंट सेन्टर पर निःशुल्क कक्षाएं अनवरत रुप से जारी हैं। साथ ही मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, चित्तौड़गढ़ में निर्माणाधीन वंडर सीमेंट ट्रेनिंग सेन्टर आफ एक्सीलेन्स जो की आधुनिक सुविधा युक्त होगा। इस ट्रेनिंग सेन्टर द्वारा जिले के शिक्षकों को प्रशिक्षण सुलभता पूर्ण एवं नवीनतम रुप में संपादित हो पायेगा। कम्पनी प्रबंधन के निरन्तर सहयोग से राजकीय विद्यालयों में आने वाले नये सत्र में नामांकन में भी वृद्धि होगी। चेक हस्तांतरण के दौरान शिक्षा विभाग चित्तौड़गढ़ से लोकेश शर्मा, तुलसीराम प्रजापत, सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षकगण सुरेश कुमावत, घनश्याम जोशी, दीपक कुमार भट्ट भी उपस्थित थे।

सफेद पत्थर से भरा ट्रेलर पुलिया पर लटका-बाल-बाल बचे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर नगर निगम में कानपुर और मटुन गांवों को शामिल किए जाने के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्री पर जोरदार प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ये गांव टीएसपी (आदिवासी उप योजना) क्षेत्र में आते हैं और नगर निगम में शामिल होने से उन्हें शिक्षा, छात्रवृत्ति और विकास योजनाओं से मिलने वाले लाभों से वंचित होना पड़ेगा। साथ ही, शहरी व्यवस्था की जटिलताओं से उनका जनजीवन प्रभावित होगा। विरोध के चलते कानपुर में बाजार बंद रहे और लोगों ने एकजुट होकर चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। इस बीच आंदोलन में किसी बड़े नेता के शामिल न होने से यह साफ हो गया है कि नेता अपने-अपने दलों को नाराज़ नहीं करना चाहते। उनकी नजर आगामी चुनावों में टिकट पाने पर है, इसलिए वे ऐसे आंदोलनों में समय नहीं देना चाहते।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।